पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

————————

राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर दीपावली की बधाइयाँ दी

——————

दीपावली के उपलक्ष्य में राजभवन के चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों को राज्यपाल ने उपहार भेंट किया

——————

दीपावली स्वच्छता का संदेश लेकर आती है– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 3 नवम्बर, 2021

दीपावली के पावन पर्व पर आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से प्रदेश के मंत्रिगण, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयाँ दी।

राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में विधि एवं न्याय मंत्री श्री ब्रजेश पाठक, समाज कल्याण मंत्री श्री रमापति शास्त्री, स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह, जल शक्ति मंत्री श्री महेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती स्वाती सिंह, महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश अवस्थी, पुलिस महानिदेशक श्री मुकुल गोयल, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय पाठक, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 ए0के0 शुक्ला तथा पत्रकारबन्धु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे।

इससे पूर्व राज्यपाल से अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने भेंट कर दीपावली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मियों एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों को दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार एवं

मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि दीपावली आस्था एवं विश्वास के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश लेकर आती है। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिये कि हम एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की भावना से कार्य करते हुए अपने प्रदेश एवं देश को स्वच्छ, स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने हेतु पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जब हम बड़ी सोच लेकर आगे बढ़ेंगे तभी परिवार, समाज व देश आगे बढ़ेगा। परिवार के बड़े लोगों को चाहिए कि वे बच्चों के अन्दर छिपी सुषुप्त शक्तियों को बाहर लाने के लिए उन्हें हर समय प्रेरित करते रहें, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (79/04)
सम्पर्क सूत्र 9453005360